प्रतिभा कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड कंप्यूटर स्टडीज को राष्ट्रीय पुरस्कार

चिंचवड़, 25 जनवरी (आ.प्र.)

चिंचवड स्थित कमला एजुकेशन सोसायटी के संस्थापक सचिव डॉ. दीपक शाह के मार्गदर्शन में प्रतिभा कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड कंप्यूटर स्टडीज और क्विक हील फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा जनजागृति अभियान पिछले दो सालों से चलाया जा रहा है.

इस अभियान के तहत कॉलेज के छात्रों को साइबर सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया और पिंपरी-चिंचवड शहर, रुपीनगर, तळवडे, लोणावला क्षेत्रों में स्थित स्कूलों, कॉलेजों, सब्जी मंडियों, नागरिक आवासों और बस स्टेशनों पर जाकर नागरिकों और छात्रों को साइबर सुरक्षा के बारे में मार्गदर्शन किया गया.

इस कार्य की सराहना करते हुए क्विक हील फाउंडेशन द्वारा पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में महाविद्यालय को आठ श्रेणियों में से पांच श्रेणियों में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त हुआ. इसमें प्रतिभा कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड कंप्यूटर स्टडीज को सर्वश्रेष्ठ साइबर सुरक्षा हेतु साइबर शिक्षा राष्ट्रीय पुरस्कार राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन के हाथों कमला एजुकेशन सोसायटी के संस्थापक सचिव डॉ. दीपक शाह ने प्राप्त किया. इसके साथ ही शिक्षक श्रेणी में डॉ. हर्षिता वाच्छानी, प्रा. सुप्रिया गायकवाड़, प्रा. उज्ज्वला फलक को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रपति विजेता पुरस्कार मिला.